मुम्बई हलचल

रक्तदान शिविर: बीते साल 26/11 को मुम्बई पर हुए हमलों में शहीद होने वालों की याद में एम. जी. खानोलकर फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रेड क्रॉस तथा हेलपेज इंडिया के सहयोग से आयोजित यह शिविर जनता शिक्षण हाईस्कूल, भूतल, आदर्श नगर, वीर नरीमन रोड, वरली में शनिवार, 28 नवंबर को दिन 9.30 से 1.30 बजे तक रहेगा। आधिक जानकारी प्रवीण पाटील से 9322279529 पर ली जा सकती है।

स्मरण वीरों का: मलबार हिल इलाके में बीजेपी शिवसेना ने शहीदों को श्रद्धांजलि का आयोजन किया है। आयोजन को 'स्मरण हमारे वीरों का' नाम दिया गया है। मलबार हिल के विधायक मंगल प्रभात लोढा चौपाटी पर आयोजित कार्यक्रम में गिरगांव चौपाटी के पादचारी पुल के पास, जहां आतंकवादियों से मुठभेड़ में तुकाराम ओंबले शहीद हुए थे, उसी स्थान पर हजारों लोग शहीदों की याद में फूल चढ़ाएंगे।

गत वर्ष 26 नवंबर को मुम्बई पर हुए आतंकी हमलों के बाद देश के लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने और आतंकवाद से लड़ने के लिए गायक विवेक शेट्टी के कंपोज और गाए गीत के एलबम 'यही सच है' को रितुपर्ण सेनगुप्ता ने पुलिस जिमखाना में लांच किया। मौके पर नागरिक आपूर्ति मंत्री अनिल देशमुख भी मौजूद थे।

स्नेह सम्मेलन संपन्न: मैढ़ क्षत्रिय सोनी संघ, मुम्बई का स्नेह सम्मेलन सोनी वाडी, बोरीवली (पश्चिम) में शम्भु सोनी एवं डॉ. प्रकाश सोनी के संचालन में संपन्न हुआ। सन्नी जादूगर ने आभार जताते हुए जादुई कला का प्रदर्शन किया। बैजनाथ जालु ने स्वागत भाषण दिया। मांगीलाल कुकरा, सोहनलाल कडेल, सुरेन्द्र मायछ, नरेन्द्र कड़े, महेश बैनाथिया, जगदीश अग्रोया, मनोहर डांबर, कमल लावट आदि उपस्थित थे।

जगन्नाथ रथयात्रा एवं भागवत कथा: ब्रज चौरासी सत्संग मंडल ने घाटकोपर के मिलिंद नगर मैदान असल्फा में पांच से 13 दिसंबर तक श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव एवं श्रीमद्‌भागवत कथा सत्संग समारोह का आयोजन किया है। मंडल अध्यक्ष कमला प्रसाद यादव ने बताया कि पांच दिसंबर को जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की शोभा यात्रा श्रीमहेश्वर मंदिर से आरंभ हो मिलिंद नगर मैदान जाएगी तथा 6 से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन शाम 6 से 9 बजे तक श्रीमद्‌भागवत कथा का श्रवण रघुबीर दास प्रभु इस्कॉन जुहू वाले कथा व्यासजी के रूप में कराएंगे। 13 दिसंबर को पूर्णाहुति होगी।

एपिलेप्सी फाउंडेशन (मुम्बई) द्वारा 'एपिलेप्सी-डे' डॉ. निर्मल सूर्या न्यूरो सेंटर में मनाया गया। मरीजों के लिए प्रतियोगिता आयोजित हुई तथा विजेताओं को कैलाश अग्रवाल के हाथों पुरस्कार दिए गए। डॉ. सूर्या की टीम द्वारा लिबर्टी सिनेमा के करीब लोटस हाउस स्थित सूर्या न्यूरो सेंटर में हर बुधवार को एपिलेप्सी के मरीजों की निःशुल्क जांच होती है।

फिट्सवरील लघुपट 'आशा : द होप' सीडीवर

म. टा. प्रतिनिधी

'फिट्स'विषयीचे गैरसमज दूर करणाऱ्या तसेच नेमक्या उपचारांची माहिती देणाऱ्या 'आशा: द होप' या लघुपटाच्या सीडीचे प्रकाशन सार्वजनिक बांधकाममंत्री छगन भुजबळ यांनी केले.

'एपिलेप्सी फाऊंडेशन'च्या या कार्यक्रमाला आरोग्यमंत्री विमल मुंदडा, डॉ. निर्मल सूर्या, डॉ. प्रवीणा शहा उपस्थित होत्या. फिट्सच्या पेशंटांना विशेषत: ग्रामीण परिसराला फायदा व्हावा, यासाठी डॉ. सूर्या यांनी हा लघुपट बनवला आहे.

फीट आल्यानंतर तोंडाला चप्पल वा कांदा लावला जातो. काही वेळानंतर पेशंट आपोआप सावरतो. चप्पल वा कांद्यामुळेच हा गुण आल्याचा गैरसमज आहे. म्हणूनच या आजारावरील योग्य उपचारांची माहिती पेशंटांपर्यंत पोहोचली पाहिजे. त्यासाठी ही सीडी हा आशेचा किरण असल्याचे भुजबळ यांनी सांगितले.

हा आजार असणाऱ्या पेशंटांकडून औषधांना चांगला प्रतिसाद मिळत असल्याचे विमल मुंदडा म्हणाल्या. तर रुग्णांना योग्य मार्गदर्शन मिळून त्यांच्या आजाराची तीव्रता कमी व्हावी, हाच या लघुपटामागचा उद्देश असल्याचे डॉ. सूर्या यांनी सांगितले.

२२ नोव्हेंबर २००७ महाराष्ट्र टाइम्स, मुंबई *

7वीं राष्ट्रीय मृगी दिवस के मौके पर प्रेस को संबोधित करते एपीलेप्सी फाउंडेशन के चेयरमेन डॉ. निर्मल सूर्या, मेहता ग्रुप के राकेश मेहता व वरुण इंडस्ट्रीज के कैलाश अग्रवाल.